दिनांक–27.07.2027 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट-यूजी के लिए संशोधित फाइनल स्कोर कार्ड किया जारी, अब 17 उम्मीदवारों को मिली शीर्ष रैंक ।
- राज्य सरकार ने कहा- श्रमिकों के हित में प्रत्येक 5 वर्ष में वेज रिवीजन की व्यवस्था की जायेगी।
- सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों में खजुराहो एयरपोर्ट को मिला प्रदेश में पहला और देश में दसवां स्थान।
- पेरिस ओलिम्पिक में आज भारतीय खिलाडी निशानेबाजी सहित कई खेलों में दिखाएंगे अपना दमखम।

नीट-परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी- एन टी ए ने कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी के लिए संशोधित फाइनल स्कोर कार्ड जारी किया। जो उम्मीदवार नीट के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपने परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा एजेंसी ने घोषणा की है कि 17 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्त की है। एनटीए ने 5 मई को पांच सौ 71 शहरों के चार हजार 750 से अधिक केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की थी जिसमें 24 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे।

प्रधान मंत्री - नीति आयोग बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष की बैठक का विषय "विकसित भारत@2047" है, जिसका मुख्य फोकस भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। बैठक में विकसित भारत पर विजन डॉक्यूमेंट के दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा होगी। नीति आयोग ने कहा कि गवर्निंग काउंसिल की बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श होगा।

श्रमिक वेज रिवीजन

श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि श्रमिकों के हित में प्रत्येक 5 वर्ष में वेज रिवीजन की व्यवस्था की जायेगी। वे कल भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों से मजदूरों के कल्याण से जुड़े मुददों पर चर्चा कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि मजदूरों के स्वास्थ्य और कौशल विकास, उनके बच्चों की शिक्षा और कौशल विकास पर केन्द्र और राज्य सरकार ध्यान दे रही है। श्रमिकों को पी.एफ. का यूनिक आईडेंटिटी कार्ड देने का काम देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हुआ है।

## सर्वोच्च न्यायालय नेमप्लेट

सर्वोच्च न्यायालय ने कल कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों और □ाबों के मालिकों और श्रमिकों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश पर स्थगन आदेश बढ़ा दिया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में इस संबंध में आदेश जारी किया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में उत्तराखंड और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 5 अगस्त को तय की है।

## खजुराहो एयरपोर्ट

पर्यटन नगरी खजुराहो एयरपोर्ट में भले ही विमान सेवाओं की कमी रही हो लेकिन एस आई सर्वे के अनुसार खजुराहो एयरपोर्ट ने प्रदेश में पहला एवं देश में दसवां स्थान अर्जित किया है। खजुराहो एयरपोर्ट के निदेशक संतोष सिंह ने बताया कि एस आई रैंक के सर्वे के मुताबिक भारत के 61 हवाई अड्डों का सर्वे हुआ जिसमें 24 पैरामीटर निर्धारित थे जिसके तहत पैसेंजर सुविधा, खान-पान, सुरक्षा, सुलभ शौचालय इत्यादि आदि इन सभी मापदंडों में खजुराहो एयरपोर्ट पूरी तरह से खरा उतरा जिसके तहत खजुराहो एयरपोर्ट को प्रदेश में पहला एवं देश के टॉप टेन में दसवां स्थान अर्जित करने का गौरव हासिल किया है।

## अग्निवीर आरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीर जवानों को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही अग्निपथ योजना देश की ताकत बढ़ाने के साथ ही सामर्थ्यवान युवाओं को सेना से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। यह रक्षा क्षेत्र की पहली प्राथमिकता और डिफेंस रिफार्म्स का अहम कदम है। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना के अनुसार प्रदेश में अग्निवीर जवानों के लिये आरक्षण के प्रावधान का निर्णय लिया है।

## मौसम

प्रदेश में इन दिनों मानसून मेहरबान है और जमकर बारिश हो रही है। कल भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 18 जिलों में जमकर पानी गिरा। सबसे ज्यादा 3 दशमलव 3 इंच बारिश रायसेन में हुई। यहां नदी-नालों में बाढ़ आ गई। मुख्य बाजार में तीन फीट पानी भर गया।  मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर तीन अन्य मौसम प्रणालियां भी सक्रिय हैं। इस वजह से प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

पेरिस ओलंपिक उद्घाटन समारोह

पेरिस ओलिम्पिक में आज पहले दिन भारतीय खिलाडी निशानेबाजी, पुरुष एकल स्कल्स, टेनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी और मुक्केबाजी में अपना दमखम दिखाएंगे। इससे पहले कल पेरिस ओलंपिक एक शानदार रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। तेज वर्षा के बीच बडी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने ओलिम्पिक खेलों के शुरू होने की घोषणा की। तीन बार के जूडो चैम्पियन टेडी रिनर ने ओलिम्पिक ज्वाला को प्रज्ज्वलित किया। भारतीय दल का नेतृत्व पी.वी. सिंधु और शरथ कमल ने किया। दुनिया भर के लगभग सात हजार खिलाडियों ने सीन नदी पर आयोजित परेड में हिस्सा लिया।

क्रिकेट - भारत बनाम श्रीलंका

भारत की पुरुष क्रिकेट टीम आज श्रीलंका के पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की T20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में श्रीलंका से सामना करेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा।

इस श्रृंखला से भारत अब सूर्यकुमार यादव के रूप में नए कप्तान और गौतम गंभीर के रूप में नए मुख्य कोच के साथ औपचारिक रूप से अपने नए दौर की शुरुआत कर रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।
- श्योपुर में प्रधान जिला न्यायाधीश राकेश कुमार गुप्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कल कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया ।
- इंदौर में मिशन शक्ति के अंतर्गत गठित डिस्ट्रिक्ट फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अन्तर्गत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के छटवे सप्ताह में महिला विधान जागरूकता सप्ताह थीम के तहत जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए।
- झाबुआ में विभिन्न विभागों के कुल 35 कर्मियों के कल कार्यालय में विलम्ब से आने पर उनका आधे दिवस का वेतन काटे जाने का आदेश जारी किया गया है।
- आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज पर्यटन उत्सव के तहत क्विज का आयोजन किया जाएगा।
- पन्ना जिले के जनपद पंचायत शाहनगर में कल जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 एवं पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन की नवीन प्रणाली के बारे में अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

- खण्डवा में जिला प्रशासन खण्डवा एवं यूनिसेफ मध्यप्रदेश के समन्वय से आपदा प्रबंधन विषय पर स्वयं सेवी संस्थाओं की दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई।

- रायसेन स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण कार्यशाला में कलेक्टर अरविंद दुबे ने उपस्थित प्राचार्यो, जनशिक्षकों एवं शिक्षकों से कहा कि सर्वेक्षण के लिए सभी पूरी लगन तथा मेहनत से तैयारी करें।
- डिंडोरी में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कल जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की।
- शाजापुर रेलवे स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने कल यहाँ का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।
- दमोह जिले के ग्राम हटरी में मगरमच्छ के हमले से नदी में लापता हुए बालक की मृत्यु होने पर 8 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गयी है।
- धार जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कल रोजगार मेले का आयोजन किया। जिनमें 73 आवेदकों का चयन विभिन्न कम्पनियों द्वारा किया गया।
- शाजापुर में कल एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। कार में सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट-यूजी के लिए संशोधित फाइनल स्कोर कार्ड किया जारी, अब 17 उम्मीदवारों को मिली शीर्ष रैंक ।
- राज्य सरकार ने कहा- श्रमिकों के हित में प्रत्येक 5 वर्ष में वेज रिवीजन की व्यवस्था की जायेगी।
- सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों में खजुराहो एयरपोर्ट को मिला प्रदेश में पहला और देश में दसवां स्थान।

- **पेरिस ओलिम्पिक में आज भारतीय खिलाडी निशानेबाजी सहित कई खेलों में दिखाएंगे अपना दमखम।**

इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।

....................................